एक नजर में

बिना कारण बंद कर दी वृद्धावस्था पेंशन

राजगढ़ 07 जुलाई, का. जनसुनवाई में ग्राम छायन निवासी घीसा ने बताया कि आवेदक और आवेदक की पत्नि को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं. पूर्व में वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिला रहा था. परन्तु किसी कारणवश अब मिलना बंद हो गई हैं. कलेक्टर द्वारा सामाजिक न्याय विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

बारिश सिर पर, नहीं मिला पीएम आवास

राजगढ़ 07 जुलाई, का. ग्राम ताजपुर निवासी हरिओम ने बताया कि आवेदक बहुत गरीब हैं. आवेदक के पास कच्चा मकान हैं. आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं. कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद नरसिंहगढ़ को जांच दल गठित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम उमरिया निवासी सोभानसिंह ने बताया कि आवेदक के निज निवास ग्राम में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कुंआ निर्माण किया गया. परन्तु आवेदक को उक्त कपिल धारा कूप निर्माण की राशि नहीं मिली हैं. आवेदक को काफी परेशानिया हो रही हैं. कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद नरसिंहगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

ब्यावरा और सारंगपुर को खराब प्रदर्शन पर फटकार

राजगढ़ 06 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा सोमवार को आयोजित समय सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, समयबद्ध प्रकरणों एवं शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए. सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने असंतोष व्यक्त करते हुए बताया कि सीईओ जनपद पंचायत खिलचीपुर, सीईओ जनपद पंचायत सारंगपुर तथा सीएमओ ब्यावरा जिले के पांच सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके स्तर पर शिकायतों का संतोषजनक निराकरण नहीं कराया गया. संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार लाने तथा लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.

31 जुलाई तक करें फसल बीमा आवेदन

राजगढ़ 07 जुलाई, का. किसानों की खरीफ फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ फसलों के बीमा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है. किसान निर्धारित तिथि से पूर्व आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं. उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, बाढ़, सूखा, कीट एवं रोगों से फसल को होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है. योजना के अंतर्गत किसान ऑनलाइन पीएमएफबीवाई पोर्टल के फार्मर कॉर्नर के माध्यम से अथवा ऑफलाइन निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं बैंक शाखा में आवेदन कर सकते है.

अंडरपास के विलंब से 6 माह लेट हो सकती है ट्रेन

सवाल : एक साल से बंद सा पड़ा है बावड़ी के समीप अंडरपास का काम, अगले 8 महीने में कैसे पूरा होगा प्रोजेक्ट

बावड़ी के पास रेलवे अंडरपास का काम महीनों से सुस्त, डायवर्ट मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं वाहन



नवभारत न्यूज

राजगढ़ 07 जुलाई, का. राजगढ़-ब्यावरा मार्ग पर ग्राम बावड़ी के समीप निर्माणाधीन रेलवे अंडरपास का कार्य लंबे समय से धीमी गति से चल रहा है. करीब एक वर्ष पहले शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में अब तक केवल एक तरफ की पुलिया का निर्माण ही पूरा हो पाया है. अंडरपास के निर्माण में विलंब से छः माह तक रामगंजमंडी ट्रेन ब्यावरा आने में लेट हो सकती है.

उल्लेखनीय है कि लोहे के सेक्शन (गर्डर) स्थापित करने, स्टील वर्क सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य पिछले कई महीनों से लगभग ठप पड़े हैं. ऐसे में यह सवाल उठने लगा है कि जब एक हिस्से का निर्माण ही एक साल में पूरा नहीं हो सका, तो मार्च 2027 की निर्धारित समय-सीमा तक पूरा अंडरपास और दूसरी ओर का निर्माण कैसे पूरा होगा.

इस स्थान पर रामगंज मंडी-भोपाल रेल परियोजना के तहत रेलवे लाइन को अंडरपास से निकाला जाना है, जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग का यातायात ऊपर बनने वाले पुल से संचालित किया जाएगा. निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से यातायात को वैकल्पिक मार्ग पर डायवर्ट कर दिया गया था, लेकिन लंबे समय से काम की रफ्तार धीमी रहने से लोगों की परेशानी लगातार बनी हुई है.

मार्च 2027 तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य

रामगंज मंडी-भोपाल रेल परियोजना के ब्यावरा खंड का कार्य मार्च 2027 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है. राजगढ़ तक रेलवे लाइन का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है और सीआरएस सर्वे भी हो चुका है. लेकिन बावड़ी के समीप अंडरपास का निर्माण अपेक्षित गति नहीं पकड़ पाया है. अब समय-सीमा पूरी होने में महज आठ महीने शेष हैं. ऐसे में दूसरी ओर के निर्माण सहित पूरे अंडरपास का कार्य निर्धारित समय में पूरा होना बड़ी चुनौती माना जा रहा है.

करीब एक साल से डायवर्ट है ट्रैफिक

निर्माण कार्य के चलते इस रेलवे क्रॉसिंग पर पिछले लगभग एक वर्ष से यातायात वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जा रहा है। रोजाना हजारों छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन डायवर्ट सड़क से आवागमन करने के कारण यात्रियों को अतिरिकट समय, धूल और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य समयबद्ध गति से होता तो अब तक यह परेशानी समाप्त हो सकती थी.

रेल्वे का जवाब, डीजल उपलब्ध नहीं है

निर्माण कार्य बंद नहीं है, बल्कि धीमी गति से चल रहा है. सीमित मात्रा में डीजल उपलब्ध होने तथा वर्षाकाल के कारण कार्य प्रभावित हुआ है. ब्यावरा तक परियोजना को मार्च 2027 की निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य है.

इंजी. सौरभ जैन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मण्डल, पमरे



9 पंचायतों पर 250 रूपए का जुर्माना

राजगढ़ 07 जुलाई, का. जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान 09 ग्राम पंचायतों पर प्रति पंचायत 250 रुपये के हिसाब से अर्थदंड अधिरोपित करने के निर्देश दिए. जिनमें ग्राम पंचायत कोलूखेडा जनपद पंचायत राजगढ़, ग्राम पंचायत धनवासकलां जनपद पंचायत राजगढ़, ग्राम पंचायत बरखेडाखुर्रम जनपद पंचायत सारंगपुर, ग्राम पंचायत टुटियाहेडी जनपद पंचायत सारंगपुर, ग्राम पंचायत सतनखेडी जनपद पंचायत खिलचीपुर, ग्राम पंचायत हालाहेडी जनपद खिलचीपुर, ग्राम पंचायत हरिपुरानजदीक जनपद खिलचीपुर, ग्राम पंचायत सलरियाखेडी जनपद पंचायत ब्यावरा एवं ग्राम पंचायत किशनगढ पर शास्ति अधिरोपित की गई.

लंबित प्रकरणों पर नपे नरसिंहगढ़ और जीरापुर तहसीलदार- कलेक्टर द्वारा तहसीलदार नरसिंहगढ़ एवं तहसीलदार जीरापुर पर समय-सीमा से बाहर प्रकरण लंबित पाए जाने के कारण प्रत्येक पर 1,000 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित करने के निर्देश दिए. बैठक में ई-ऑफिस पर लंबित फाइलों की समीक्षा भी की गई.

इस बार 36 लाख में 5 के नोट का ठगी वाला सौदा

पुराने दुर्लभ नोट और सिक्कों के नाम पर ठगी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 07 जुलाई, का. माचलपुर पुलिस ने साइबर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर 1 लाख 4 हजार 927 रूपए नगद एवं दो मोबाइल फोन बरामद किए है. पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में थाना माचलपुर पुलिस एवं साइबर टीम ने साइबर ठगी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण का सफल खुलासा किया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी गोविन्द पिता बीरम सिंह सौंधिया उम्र 21 साल निवासी ग्राम गौरियाखेड़ा थाना माचलपुर के द्वारा सायबर धोखाधडी के संबंध में दिनांक 02 जुलाई को की गई शिकायत में बताया कि 26 जून को उसके इंस्टाग्राम ऐप में वीडियो के माध्यम से पता चला की एक अज्ञात व्यक्ति, जो कागज के 05 रुपये के नोट जिस पर पीछे की तरफ ट्रेक्टर चलाते हुए किसान का फोटो है उसके बदले में 35 लाख 96 हजार रुपये दे रहा है.

उक्त वीडियो में संबंधित व्यक्ति के मोबाईल पर मुझ प्रार्थी के पास 05 रुपये के नोट पर ट्रैक्टर चलाते हुए किसान वाला नोट होने से मुझ प्रार्थी ने उक्त व्यक्ति को मेरे मोबाईल से फोन लगा कर बात की तो मुझे उक्त व्यक्ति द्वारा कहा गया कि मैं तुम्हें बारकोड़ भेज रहा हूँ उस पर तुम मुझे 520/-रु भेज दो. फरियादी ने बारकोड पर राशि 520/-रु डाल दिए. आरोपी ने मुझसे कहा की तुम्हारे पैसो की डिलेवरी कुछ ही देर में होने वाली है. तुम मेरे पास बारकोड पर राशि 4 हजार और डाल दो. फरियादी से इस प्रकार अलग-अलग टुकड़ों में कुल 14 बार में अलग-अलग 02 बारकोड पर कुल 1 लाख 4 हजार 927 रु डलवाए.

टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, स्थानीय सूचना तंत्र एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया.

पूछताछ में आरोपी से महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हुए तथा उसके कब्जे से नगद राशि एवं घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन जप्त किए गए. गिरफ्तार आरोपी सिकंदर पिता जगदीश वाल्मिकी उम्र 24 साल निवासी ग्राम ओदाका थाना नौगवा जिला अलवर राजस्थान से ठगी की राशि जब्त की गई.

दुर्लभ नोट, सिक्कों की खरीदी में ना उलझे- पुलिस आमजन से अपील करती है कि फेसबुक, व्हाट्सएप अथवा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने वाले लालच भरे संदेशों, दुर्लभ नोट या सिक्कों की खरीद-फरोख्त, इनाम, लॉटरी या भारी राशि दिलाने के झांसे में बिल्कुल न आएं.

किसान को नहीं मिल रही सम्मान निधि

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 07 जुलाई, का. ग्राम बहादुर पुरा निवासी बैजनाथ सिंह ने बताया कि आवेदक को पूर्व में किसान सम्मान निधि की राशि मिला करती हैं. परन्तु किसी कारण वश अब किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना बंद हो गया हैं. कलेक्टर द्वारा तहसीलदार ब्यावरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

सोयाबीन बुआई के दौरान सांप ने काटा, महिला की मौत

नवभारत न्यूज

करनवास 07 जुलाई, सं. थाना क्षेत्र के ग्राम पुनरखेड़ी में मंगलवार को एक महिला की खेत में जहरीले कोबरा सांप के डसने से मौत हो गई. मृतका की पहचान पुनरखेड़ी निवासी सीमा पिता दयाल सिंह यादव (35 वर्ष) के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि सांप के काटने के बाद करीब दो घंटे तक उन्हें कोई देख नहीं पाया, जिससे समय पर उपचार नहीं मिल सका.



सीमा मंगलवार को अपने खेत में सोयाबीन की बोवनी के कार्य में लगी हुई थीं. खरीफ सीजन की तैयारियों के चलते किसान परिवार खेतों में व्यस्त हैं. इसी दौरान खेत में छिपे एक जहरीले कोबरा सांप ने सीमा को डस लिया. सांप के जहर का असर तेजी से फैला और वह खेत में ही अचेत होकर गिर गईं.

खेत में बेहोश मिली थीं

परिजनों और ग्रामीणों को काफी देर तक इस घटना की जानकारी नहीं लग सकी. जब सीमा लंबे समय तक घर नहीं लौटीं, तो उनकी तलाश शुरू की गई. खोजबीन के दौरान वह खेत में बेहोशी की हालत में मिलीं. ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें उठाकर उपचार के लिए सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया.

सूचना मिलने पर करनवास थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

पहली कक्षा में कम नामांकन पर 18 जनशिक्षा केन्द्रों को नोटिस

राजगढ़ 07 जुलाई, का. कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कक्षा 1, 6 एवं 9 में अपेक्षाकृत कम नामांकन वाले जनशिक्षा केंद्रों की समीक्षा करते हुए संबंधित सीएसी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए. इनमें ब्यावरा विकासखंड के कन्या सुठालिया, हाईस्कूल राजगढ़ रोड एवं लखनवास, खिलचीपुर विकासखंड के ब्यावरा कला, जैतपुरा कला एवं पिपलियाकला, राजगढ़ विकासखंड के सुस्तानी, कन्या राजगढ़ एवं कीलखेड़ा, सारंगपुर विकासखंड के कन्या पचोर, संडावता एवं गुलावता, जीरापुर विकासखंड के झाड़मऊ, उत्कृष्ट जीरापुर एवं कोडकया तथा नरसिंहगढ़ विकासखंड के उमावि तलेन, पीपल्या रसोड़ा एवं कन्या नरसिंहगढ़ जनशिक्षा केंद्र शामिल हैं. समीक्षा के दौरान पीएम पोषण योजना अंतर्गत राजगढ़, खिलचीपुर एवं जीरापुर विकासखंडों में अप्रैल एवं जून 2026 के खाद्यान्न उठाव की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर बीआरसी राजगढ़ दीपक चौधरी, बीआरसी खिलचीपुर नौशाद खान एवं बीआरसी जीरापुर गजेन्द्र शर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए तीन दिवस का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए गए. जिन विद्यार्थियों की अपार आईडी अभी तक नहीं बनी है, उनकी कारण सहित सूची तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए. चाइल्ड ट्रैकिंग, प्रवेश अभियान तथा ड्रॉप बॉक्स से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण 12 जुलाई से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए.

पचोर अस्पताल में होंगी कई जांचें अब निशुल्क

नवभारत न्यूज

पचोर 07 जुलाई, सं. राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल एवं सांसद रोडमल नागर ने पचोर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक निधि से प्रदत्त आधुनिक स्वास्थ्य परीक्षण मशीन का लोकार्पण किया. इस अत्याधुनिक मशीन के शुरू होने से क्षेत्र के हजारों मरीजों को विभिन्न प्रकार की आवश्यक स्वास्थ्य जांच उपलब्ध हो सकेगी. इससे मरीजों को समय पर जांच, बेहतर उपचार तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और उन्हें निजी जांच केंद्रों पर अतिरिक्त आर्थिक भार भी नहीं उठाना पड़ेगा.



लोकार्पण कार्यक्रम के बाद राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया. उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार, आवश्यक जांच तथा सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं.

नवाचार ग्रामीण अंचलों में घटने वाले अपराधों पर पकड़ बनाने पुलिस की पहल, सीसीटीवी लगा रहे

पडाना में 5 चौराहों पर डिजिटल सबूत, गवाही देंगे 15 सीसीटीवी

नवभारत न्यूज

पडाना 07 जुलाई, सं. ग्राम पंचायत पडाना ने गांव की कानून व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 5 प्रमुख चौराहों पर 15 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं. नाइट विजन तकनीक से लैस ये कैमरे 24 घंटे निगरानी करेंगे. पंचायत का दावा है कि इससे चोरी, सड़क दुर्घटनाओं और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगेगी.

पंचायत द्वारा लगवाए गए सभी कैमरों का लाइव फुटेज पंचायत कार्यालय में बने कंट्रोल रूम में देखा जाएगा. फुटेज को 30 दिन तक सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि किसी भी घटना की जांच में उसका उपयोग किया जा सके. इस मौके पर ग्राम पंचायत पडाना के सरपंच गोकुल सिंह दुगरिया ने बताया गांव में अपराध में चोरी और ट्रैफिक की समस्याओं को देखते हुए ये निर्णय लिया. 15 से अधिक कैमरे 5 चौराहों पर लगाए गए हैं. हमारा उद्देश्य अपराध को रोकना और लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करना है.



स्थानीय ग्रामीण रमेश गुर्जर, राजेश शर्मा, पूर्व जनपद सदस्य दिनेश परमार, डॉ मोहनलाल शर्मा, गंगाराम सिरोलिया, ओम परमार, सतीश चौरसिया, अनोखी लाल खाती, गट्टू परमार, धीरज खाती, जितेंद्र चंद्रवंशी, महेश यादव, राहुल खाती, पीयूष गुप्ता, दिनेश सेन, प्रेम प्रजापति, सादिक अंसारी, जफर भाई, रफीक मंसूरी, अब्बास मंसूरी सहित एकीकृत माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इत्यादि ने कहा रात के समय गांव में असुरक्षा महसूस होती थी. कैमरे लगने के बाद अब माहौल बदला है.

पंचायत का ये कदम सराहनीय है. इससे महिलाओं और बच्चों और स्कूली छात्र-छात्राओं को भी राहत मिलेगी. इस दौरान पडाना चौकी प्रभारी भंवर सिंह भूरिया ने पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ग्राम पंचायत द्वारा सीसीटीवी लगवाना पुलिस प्रशासन के लिए भी मददगार साबित होगा. किसी भी आपराधिक घटना या दुर्घटना की जांच में फुटेज महत्वपूर्ण साक्ष्य बनेगा. हम पंचायत के इस सहयोग की सराहना करते हैं.

नाबालिग को रामदेवरा से ढूंढ परिजनों को सौंपा

राजगढ़ 07 जुलाई, का. ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालक को सकुशल दस्तयाब कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है. थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई. बीते 08 जून को फरियादी द्वारा थाना कोतवाली राजगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग बालिका ग्राम कोल्लुखेड़ा के मंदिर के पास से बिना बताए कहीं चली गई है जिसे कई जगह तलाश करने पर भी नहीं मिली. तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को 800 किमी. दूर रामदेवरा जिला जैसलमेर, राजस्थान से सकुशल दस्तयाब किया गया. बालिका के सुरक्षित मिलने पर उसके परिजनों ने राजगढ़ पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया.

विसंगतियां दूर नहीं की तो बारिश के बाद डैम का काम रोक देंगे किसान

नवभारत न्यूज

सुठालिया 07 जुलाई, सं. सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों ने शासन-प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मुआवजा वितरण में की गई विसंगतियों को शीघ्र समाप्त नहीं किया गया, तो वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद परियोजना का निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा. किसानों का कहना है कि यह संघर्ष उनके सम्मान, अधिकार और आजीविका की रक्षा का है तथा इसके लिए वे हर लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ने को तैयार हैं.

भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के जिला अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान ने कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधि प्रभावित किसानों की वर्षों पुरानी न्यायोचित मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं. एक ही परियोजना, एक ही गांव और समान परिस्थितियों में भूमि अधिग्रहित होने के बावजूद कुछ किसानों को दोगुना, कुछ को चार गुना मुआवजा दिया गया, जबकि सरकार ने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है यह न केवल भेदभावपूर्ण है बल्कि किसानों के साथ गंभीर अन्याय भी है. उन्होंने कहा कि प्रभावित 65 गांवों के किसान अब संगठित होकर निर्णायक आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं. वर्षा काल के दौरान गांव-गांव बैठकों का आयोजन किया जाएगा, हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा तथा पूरे मध्य प्रदेश के किसानों से इस न्याय की लड़ाई में साथ आने का आह्वान किया जाएगा.

भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) ने मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभागों से मांग की है कि मुआवजा वितरण में हुई विसंगतियों की दूर कर सभी प्रभावित किसानों के साथ समान न्याय किया जाए. संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि किसानों की मांगों की अनदेखी जारी रही तो यह आंदोलन केवल 65 गांवों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के किसानों के सहयोग से व्यापक जनआंदोलन का रूप लेगा.